सत्यमेव जयते

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण
राजभाषा अनुभाग

* * * *

सं. सीईए-एसवाई-27-13/1/2022-रा.भा./02 दिनांक- 13 जनवरी, 2025

विषय: के.वि.प्रा. की 'विद्युत वाहिनी' राजभाषा त्रैमासिक पत्रिका के आगामी अंक में प्रकाशन हेतु रचनाएं भेजने का अनुरोध।

इस कार्यालय के दिनांक 4 अक्तूबर, 2023 के समसंख्यक परिपत्र के अनुसरण में आपको सूचित किया जाता है कि 'विद्युत वाहिनी' पत्रिका का दशम् अंक डिजिटल रूप से केविप्रा की वेबसाइट www.cea.nic.in के राजभाषा पत्रिका लिंक में उपलब्ध है। अतः पत्रिका के आगामी ग्यारहवें अंक हेतु **"बैटरी ऊर्जा भण्डारण" विशेषांक** विषय पर आधारित रचनाएँ तथा तकनीकी लेख आमंत्रित किए जाते हैं। कृपया आप सभी प्रदत्त विषय विशेष से संबंधित अपनी रचनाएं एवं लेख अधिक से अधिक मात्र में भेजें। उपर्युक्त विषय केविप्रा के योजना स्कन्ध व उससे संबंधित प्रभागों से जुड़ा है अतः आपसे विशेष रूप से अनुरोध है कि पत्रिका के ग्यारहवें अंक हेतु तकनीकी लेख इत्यादि भेज कर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं विषय विशेष के संबंध में सभी का ज्ञानवर्धन करें।

उक्त परिपत्र में विस्तृत रूप से मानदेय तथा अन्य सभी विवरण दिए गए हैं तथा आपसे अनुरोध है कि **दिनांक 15 मार्च, 2025 तक** अपनी रचनाएँ यथाशीघ्र भेजने का कष्ट करें जिसके लिए केविप्रा के कार्मिकों के लिए निम्नलिखित प्रकार से मानदेय दिए जाने का भी प्रावधान है-

तकनीकी लेख के लिए अधिकतम राशि रू0 3000/- मात्र, गैर-तकनीकी लेख आदि के लिए अधिकतम राशि रू0 1500/-मात्र तथा कविता के लिए अधिकतम राशि रू0 1000/-मात्र

लेख संपादन योग्य प्रारूप (editable form) में होने चाहिए, साथ में लेखक/लेखकों का नाम, पासपोर्ट आकार का फोटो, पदनाम, प्रभाग, फ़ोन नंबर व ईमेल भी भेजें। लेखों के साथ आपका बैंक खाता संख्या, IFSC कोड और बैंक का नाम भी भेजा जाए ताकि प्रकाशन के लिए लेख के चयन पर राशि की प्रतिपूर्ति की जा सके। (Your bank account number, IFSC code, and bank name also be sent along with the articles, so that the amount can be reimbursed upon selection of the article for publication).
सामग्री भेजने के लिए ईमेल- **vidyutvahini-cea@gov.in, rajbhashacea@gmail.com,**

केविप्रा के प्रभागों/अनुभागों के कार्यकलापों व उपलब्धियों, पावर सेक्टर से संबंधित समाचार/बैठकों के समाचार, फोटो सहित सम्मिलित करने के लिए पत्रिका के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ आमंत्रित किए जाते हैं।

13/1/25
(ऊषा वर्मा)
उप निदेशक (राजभाषा) एवं
सहायक संपादक 'विद्युत वाहिनी', केविप्रा

सेवा में,

1. केविप्रा के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण।
2. केविप्रा के सभी अधीनस्थ कार्यालय।

प्रतिलिपि सूचनार्थः

राजभाषा प्रभारी/प्रधान मुख्य अभियंता-1